# हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश

## बैंकर्स चालू वित्तीय वर्ष के सभी प्रकरणों का सात दिवस में करें निराकरण, डीएलसीसी की बैठक संपन्न, हितग्राही योजनाओं की बैंकवार समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मार्च. बैंकर्स चालू वित्तीय वर्ष के सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कर शासन की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित करें.**



उक्त निर्देश जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी ने जिला परामर्श दात्री समिति डीएलसीसी की बैठक में दिए. बैठक में श्री के वी ने विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की बैंकवार गहन समीक्षा की. श्री के वी ने अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में बैंकर्स द्वारा सहमति प्रदान कर दी गई है, उनमें वित्त पोषण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए. उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों में कमियां पाई गई थीं और उन्हें सुधार कर पुन: बैंकों को भेजा गया है, उन सभी प्रकरणों पर भी सात दिवस में निर्णय लेकर स्वीकृति प्रदान की जाए जैसी इस चालू वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूर्ण हो सके. श्री के वी ने स्पष्ट किया कि हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत स्वीकृत प्रकरणों में समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि लाभार्थी इसी वित्तीय वर्ष में व्यवसाय प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बन सकें. उन्होंने बैंक अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए.

बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वसहायता समूहो को दिए जाने वाले क्रेडिट लिकेंज, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, पीएमएफएमई योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, स्वरोजगार योजना, डेयरी केसीसी प्रकरणो की प्रगति, मत्स्यपालन, ऋण एवं मत्स्य के केसीसी, आकांक्षी जिला अंतर्गत निर्धारित केपीआई इंडिकेटर्स तथा पोर्टल पर दर्ज लंबित आरआरसी के प्रकरणो पर चर्चा की गई है और बैंक में उनकी स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं निराकरण के निर्देश दिए. इसके अलावा आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान से विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो को बैंकर्स वित्त पोषण की कार्यवाही करें ताकि उनके हुनरो से व्यवसाय का संचालन सुगमता से कर स्वंय एवं परिवार के सदस्यों की जीविका उपार्जन में अग्रसर हो सकें. उन्होंने निर्देश दिए कि हितग्राहियों को किसी भी प्रकार से परेशान ना किया जाए और एक समय में ही उनको सभी दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की जावे उन्होंने कहा कि अधिकारी हितग्राहियों के साथ बैंक में जाकर उनकी प्रकरणों का निराकरण करें. बैठक में श्री सिंह, एसके बडोले, सचिन मसीह, प्रभाष मुदोटिया, एसके सोनी आदि मौजूद थे.

# फसलें बर्बाद, किसानों पर संकट गहराया

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 20 मार्च. दलपतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चकेरी, निहानी एवं सांदागिर में अचानक हुई तेज बारिश और भारी ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी फसलें देखते ही देखते पूरी तरह चौपट हो गई, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है.**



जानकारी के अनुसार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ ओलों की बारिश शुरू हो गई. कुछ ही देर में खेत सफेद चादर से ढक गए और गेहूं, चना सहित अन्य रबी फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गईं. किसानों का कहना है कि फसल कटाई के कगार पर थी, लेकिन ओलावृष्टि ने पूरी मेहनत बर्बाद कर दी. ग्राम चकेरी, निहानी और सांदागिर के किसानों ने बताया कि इस आपदा से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ा है, कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, ऐसे में फसल नष्ट होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा.

उल्लेखनीय है कि इन दिनों मध्य प्रदेश के कई जिलों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है, जिससे व्यापक स्तर पर फसलों को नुकसान पहुंचा है. मौसम की इस मार से किसान लगातार परेशान हैं और शासन-प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं. इधर, स्थानीय प्रशासन की ओर से नुकसान का आंकलन कराने की तैयारी की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर किसानों को राहत दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. किसानों ने शासन से शीघ्र मुआवजा देने और आपदा राहत योजना के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वे इस संकट से उबर सकें.

# बिजली कनेक्शन काटने पहुंची टीम पर हुआ हमला, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मार्च. मार्च क्लोजिंग के चलते बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान लाजपतपुरा वार्ड में विवाद की स्थिति बन गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.**

मिली जानकारी के अनुसार नगर संभाग सागर में पदस्थ अतिरिक्त लाइनमैन गोविंद प्रसाद राठौर टीम के साथ बकाया बिल वसूली की कार्रवाई के तहत लाजपतपुरा वार्ड पहुंचे थे. यहां एक उपभोक्ता के घर पर बकाया राशि होने के कारण पोल से बिजली कनेक्शन विच्छेदित किया गया. इसी दौरान उपभोक्ता उमा देवी और उनके पति जयशंकर अहिरवारपहुंचे और कार्रवाई का विरोध करने लगे. आरोप है कि उन्होंने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और विवाद बढ़ने पर पथराव शुरू कर दिया. पथराव में एक पत्थर गोविंद प्रसाद राठौर की पीठ पर लगा, जबकि एक अन्य कर्मचारी रोहित कुमार के हाथ में चोट आई. टीम ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



## कांग्रेस अध्यक्ष ने दी रोजा इफ्तार की दावत

**रहली.** जामा मस्जिद में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मुस्लिम भाइयों को रोजा इफ्तार की दावत दी गई. इस अवसर पर अमन चैन की दुआ की. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेरिया, प्रकाश गुप्ता, जोगेश्वर साहू, डॉ गजेंद्र सिंह, आजाद खान मुबीन खान, जाकिर खान,आमिर खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित रहे.

# 15 साल से फरार पैरोल जंपर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मार्च. गोपालगंज थाना पुलिस ने 15 साल पुराने मामले में पैरोल जंप कर फरार चल रहे 30 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. इसी प्रकरण में उसके सगे भाई को पहले ही जयपुर से पकड़ा जा चुका है.**



थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में टीम लगातार फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अब्दुल जाहिद वर्ष 2011 में सेंट्रल जेल से पैरोल पर बाहर आया था, लेकिन तय समय खत्म होने के बाद वापस नहीं लौटा. तभी से वह फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदलता रहा. उपनिरीक्षक नीरज जैन को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ईद से पहले शनिचरी में आने की कोशिश कर सकता है. हनुमान अखाड़ा क्षेत्र में निगरानी के दौरान खिन्नी के पेड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो नीले रंग की शर्ट पहने और लाठी के सहारे चल रहा था. पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. शुरुआत में उसने पहचान छुपाने की कोशिश की लेकिन सख्त पूछताछ में अब्दुल जाहिद होना स्वीकार किया.

# केसरिया तिलक लगाया गया



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 20 मार्च. हिंदू नववर्ष की शुरुआत के साथ शक्ति की भक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया.**

नगर के बनेनीघाट स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर, वार्ड क्रमांक 4 स्थित खेरापति मंदिर टेकरीधाम आदि देवी मंदिरों मे श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मातारानी को जल अर्पित कर पूजा अर्चना की. सनातन परिवारों में विक्रम संवत 2083 की शुरूआत पर घरों की छतों पर केशरिया ध्वजा लहराया गया. सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य परिवार नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकले और एक दूसरे को केसरिया तिलक लगाया एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी.

# झूठे प्रकरण मे फंसाने आरोपी युवक ने दुकान में रखी थी विस्फोटक सामग्री

नवभारत न्यूज

**रहली 20 मार्च. सुरखी थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ी रानगिर मंदिर के पास स्थित एक दुकान में विस्फोट के दौरान तीन व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया.**

मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सुसंगत धाराओं में कायमी कर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की गई एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था1

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी रहली, को बुलाया गया जिनके द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए।विवेचना के दौरान एक संदिग्ध एमएमएस की जानकारी प्राप्त हुई, जो इस विस्फोट से जुड़ा हुआ था. तत्काल साइबर टीम को सक्रिय कर तकनीकी विश्लेषण कराया गया.

संदेही गोलू उर्फ इमारत पटेल निवासी पाटई गांव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई. आरोपी ने स्वीकार किया कि उसकी शादी नूरजहां निवासी चिंगी टोला, सिंगरौली से हुई थी. पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी मायके चली गई थी और अपने भाइयों के दबाव में वापस नहीं आ रही थी. आरोपी ने सुनियोजित षड्यंत्र रचते हुए अपनी पत्नी के भाइयों एवं उनके परिवार जनो को झूठे प्रकरण में फंसाने की योजना बनाई आरोपी द्वारा पुजारी को मैसेज भेजकर संदेह उत्पन्न किया.

# झूलेलाल जयंती पर वाहन रैली



नवभारत न्यूज

**बीना 20 मार्च. झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज, नवयुवक मण्डल,महिला मंडल द्वारा वाहन रैली का आयोजन हुआ.**

यह रैली सिंधी धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सिंधी धर्मशाला पर संपन्न हुई. कार्यक्रम में संतोष वाधवानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत, आशीष वाधवानी, मंशाराम सुंदरनी, हरीश वाधवानी, प्रकाश दुवानी,प्रकाश बजाज, अंकुर मोटवानी, प्रकाश दुवानी, संजय नागवानी, कैलाश नीलम, अनिल बजाज, सदोरोमल, विजय सुंदरानी, लायक राम सुंदरानी ब्रह्मा सुंदरानी मौजूद थीं.

# ईद-उल-फितर आज मनाई जाएगी

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मार्च. पवित्र रमजान माह अलविदा जुमा के मौके पर मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ देखने को मिली. सुबह से ही लोग नमाज की तैयारी में जुट गए थे और दोपहर तक मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई. कई स्थानों पर मस्जिदों के बाहर तक नमाजियों की कतारें रहीं, लोगों ने खुले स्थानों पर भी नमाज अदा की.**



रमजान के समापन के साथ ही आज 21 मार्च शनिवार को ईद उल फितर मनाई जायेगी. जानकारी के अनुसार पूरे महीने रोजा, इबादत और दान-पुण्य के बाद अलविदा जुमा का विशेष महत्व होता है. इस दिन लोगों ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगीं. शहर के अलग-अलग इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकी. माहे रमजान के समापन के साथ ही अब ईद-उल-फितर की तैयारियां जोरों पर हैं. बाजारों में भी देर रात तक रौनक बनी रही, जहां लोगों ने कपड़े, सेवइयां और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की.




# विज्ञान मानवता के लिए उपहार

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 मार्च. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान दिवस का आयोजन महरौनी के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी में किया गया.**

महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन के विज्ञान के कार्यों, योगदान एवं रमन प्रभाव पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक व्याख्यान तथा विद्यार्थियों के मध्य भाषण, पोस्टर, तथा निबन्ध, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रतिनिधि राज्य मंत्री सुरेंद्र पंथ विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बड़ोनिया, उपजिलाधिकारी रजनीश वाजपेई, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शीलम गुप्ता ने किया. जिला विज्ञान क्लब समन्वयक राहुल जैन ने कहा कि विद्यार्थियों एवं आम जनमानस में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन करना एवं उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना आवश्यक है.

# वीरांगना के बलिदान को नहीं भुला सकते

नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता हमें उनके जीवन का अनुसरण करना चाहिए एवं व्यक्ति अपनी पहचान खुद बनाता है. उक्त विचार पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने वीरांगना रानी अवंती बाई के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए.**



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि रानी अवंती बाई से बहुत कुछ सीखा जा सकता है. हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए, उनके आचरण का अनुसरण करना ही रानी अवंती बाई के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी. मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इतिहास को जानना, समझना, मनन करना अति आवश्यक होता है. उन्होंने कहा कि लोधी समाज पर हमें गर्व है, आज हम सब एक संकल्प लें कि अपने परिवार की बहू बेटियों का सम्मान करेंगे. बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि सागर की धरती पर यह आयोजन हो रहा है. वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के पद चिन्हों पर चले और उनके आदर्श को ग्रहण करें.

इस अवसर पर पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी, प्रद्युम्न सिंह लोधी ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इस दौरान नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, श्याम तिवारी, तृप्ति बाबू सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जिपं सदस्य सर्वजीत सिंह, ज्योति पटेल, बंडा नप अध्यक्ष, वैभव सिंह कुकरेले, इंजी शालीन सिंह, डॉ. हेमकुमारी कुर्मी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

## पुस्तक मेला 23 को

**सागर.**नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत से पहले विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत देने के उद्देश्य से 23 मार्च से पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है. यह मेला सांदीपनि शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, के पुराने भवन में आयोजित होगा. नवीन सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रारंभ हो रहा है. इस अवसर पर विद्यार्थियों को आवश्यक पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म, जूते आदि उचित मूल्य पर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की गई है. 23 मार्च से 28 मार्च तक दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक मेले में पुस्तक, स्टेशनरी एवं यूनिफार्म विक्रेताओं को स्टॉल लगा सकते हैं.




# कवि सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज


**सागर 20 मार्च. हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था काव्यायन एवं म.प्र.लेखक संघ शाखा के तत्वावधान में संपन्न हुआ.**

अध्यक्षता वरिष्ठ लोक गायक हरगोविंद विश्व ने की. मुख्य अतिथि जमुना प्रसाद, विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र फुसकेले,आशुतोष उपाध्याय रहे. संचालन अमित आठिया, डा.अभय सिंह ने किया. सरस्वती वंदना के साथ मुकेश तिवारी ने कार्यक्रम को गति दी. परिचर्चा सत्र के बाद मेहमान शायर जमना प्रसाद ने कवि-सम्मेलन को ऊंचाइयां दी. जिसे डा.गजाधर सागर,वृन्दावन राय सरल,देवी सिंह राजपूत अरुण दुबे, शहजाद मुंगावली,सुरजीत, माही रिछारिया, मीता कनोजिया डा.संतोष साहू, ममता भूरिया, एड.शिरोमणि जैन, आरके तिवारी, महेंद्र खरे, एमएस गौर, एमडी त्रिपाठी, प्रभात कटारे, मणिदेव सिंह ठाकुर, राजू चौबे, मास्टर निमेश आदि मौजूद थे.

# अपनी कमाई में प्रभु का शेयर भी बनाओ

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 मार्च. श्री अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर ललितपुर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए तीर्थ चक्रवर्ती श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने कहा जीवन में सफलता के मुकाम पर पहुंचने में जिनका योगदान रहा उनका आभार मानों.**



उन्होने कहा कि दुख के समय जव प्रभु के सामने विनती करते हो और जव सुख आता है तो भूल जाते हो ऐसा मत करो. प्रभु और गुरू जिनको अपना आराध्य मानते हो उनका आभार मानों. मुनि श्री ने कहा जिस प्रकार अपनी कमाई में विभिन्न खर्चों के लिए रखते हो इसी प्रकार प्रभु का शेयर भी रखो. प्रभु का शेयर ही पुण्य और धर्म के कार्यों में लगाकर अपना वर्तमान और भविष्य सुधरता है. मुनिश्री ने ललितपुर में अभिनंदनोदय तीर्थ में चल रहे आसीमकालीन भक्ताम्मर की महिमा बताते हुए कहा जरा विचार करो यहाँ से जिनजिन को लाभ मिला है आभार मानो और अच्छे कार्यों को दूसरों तक पहुंचाओ. उन्होने कहा अच्छे कार्यों को जीवन में छिपाना नहीं और आभार मानना यही जीवन की सार्थता है.

मुनिश्री सुधासागर महाराज का पादप्रक्षालन समाजश्रेष्ठीजनों द्वारा किया गया. धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया. मुनिश्री सुधासागर महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य ब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश के मार्गदर्शन में भगवान अभिनंदनाथ की रजतमयी प्रतिमा एवं रजमयी चौबीसी जयजयकारों के मध्य नवीन वेदिका पर विराजित की गई थी.




# अवनी ने जीती चैम्पियनशिप

नवभारत न्यूज

**रहली 20 मार्च. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित 24 वें अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव जिसमें 11 महाविद्यालयों ने भाग लिया.**

रहली की छात्रा एड. प्रमेन्द्र शुक्ला की बेटी अवनी शुक्ला ने फाइन आर्टस के इवेंट रंगोली ,क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान एवं कार्टूनिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. फाइन आर्ट की शिरोमणि एवं ओवरऑल चैंपियनशिप प्राप्त की अवनी की सफलता पर नगर के प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. प्रमोद कुमार मिश्रा, डा. जयंत भट्ट, डा. धीरेन्द्र खरे, डा. अमित कुमार शर्मा रहे.

# पाइप लाइन चोरी, बूंद-बूंद को तरसे

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 20 मार्च. ग्राम पंचायत गौरझामर में नलजल योजना भ्रष्टाचार, लापरवाही की भेंट चढ़ गई है. वार्ड क्रमांक 10 में बिछाई गई लाखों की सरकारी लोहे की पाइपलाइन रातों-रात गायब हो गई है, जिसके कारण पिछले कई महीनों से स्थानीय निवासी पानी की एक-एक बूंद के लिए मोहताज हैं.**

मिली जानकारी के अनुसार, करीब 5 साल पहले वार्ड क्रमांक 10 में लोहे की पाइपलाइन बिछाई गई थी. ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर पाइपलाइन को खुदवाकर गायब किया. गायब हुई पाइपलाइन की अनुमानित कीमत लाखों से अधिक बताई जा रही है. वार्डवासियों का कहना है कि पाइपलाइन चोरी होने के बाद से उनकी पानी की समस्या विकराल हो गई है, लेकिन पंचायत स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही.



नल-जल योजना में कार्यरत कर्मचारी टीकाराम अहिरवार ने इस बात की पुष्टि की है कि पाइपलाइन बिछाई गई थी ताकि घर-घर पानी पहुँच सके. पाइपलाइन गायब होने के तुरंत बाद इसकी लिखित सूचना ग्राम पंचायत सचिव को भी दी गई थी. हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर विषय पर पंचायत सचिव अब अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं. सचिव का तर्क है कि उन्हें पाइपलाइन चोरी होने की कोई जानकारी नहीं है, जबकि विभाग के ही कर्मचारी लिखित सूचना देने का दावा कर रहे हैं. सचिव का अब कहना है कि यदि ऐसी घटना हुई है, तो थाने में शिकायत की जाएगी.